राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

एन. सी. सी. दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बोले

अभ्यास बेहतरीन, राष्ट्र की रक्षा के लिए तैयार हैं हमारे युवा

—

जयपुर, 20 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स का अभ्यास बेहतरीन है। इन युवाओं ने अपने शरीर को इस तरह से ढ़ाल लिया है कि वे राष्ट्र की रक्षा के लिए हर चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि एन.सी.सी. कैडेट्स की प्रतिभा से वे अभिभूत हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को यहां राजस्थान विश्वविद्यालय के महाराजा कॉलेज के मैदान में आयोजित एन.सी.सी. दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने एन.सी.सी. के तीनों विंग जल, थल व नभ और गर्ल्स बटालियन की परेड का निरीक्षण किया। श्री मिश्र ने एन.सी.सी. कैडेट्स के मार्च पास्ट की सलामी ली। एन.सी.सी. की छात्राओं ने देश–भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और पिलानी की एन.सी.सी. छात्राओं ने बैण्ड वादन प्रस्तुत किया। इस मौके पर आयोजित प्रदर्शनी का राज्यपाल ने अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि युवा चाहे कोई भी कैरियर अपनाएं, उन्हें ईमानदारी और निष्ठा से राष्ट्र की सेवा करनी है। राष्ट्रीय कैडेट कोर को समाज में ऐसा वातावरण बनाना है, जिससे भारत की सशक्त सेना में शामिल होने के लिए युवा प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. संगठन को एकता और अनुशासन पर चलना है। युवा कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ाना है ताकि वे समाज, प्रदेश और देश के लिए स्वप्रेरणा से कार्य करने को तैयार हो सकें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम राजस्थान की खूबसूरती को व्यक्त करने वाला था। स्थानीय गीत–संगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बालिकाओं की उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन देखा। यह कार्यक्रम आकर्षक व सराहनीय रहा।

राज्यपाल ने कहा कि युवा नागरिकों के चरित्र निर्माण, भाईचारा, अनुशासन, साहसिक व निःस्वार्थ सेवा के लिए एन.सी.सी. की भूमिका समाज के लिए महत्वपूर्ण है। एन.सी.सी. संगठन को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आगे बढ़ाने में सहयोगी बनना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर को ऐसा संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवा संगठन तैयार करना है, जो समाज में भारतीय संस्कृति के साथ राष्ट्रीय एकता और देश भक्ति का वातावरण बना सके। हमें ऐसे युवा तैयार करने हैं, जो मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व भी प्रदान करने के लिए सक्षम हों।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि एन.सी.सी. कैडेट्स को भारत सरकार की योजनाओं में भागीदारी निभानी होगी। जल संरक्षण, डीजिटल इन्डिया, बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ, टीकाकरण जैसे अभियानों में भी एन.सी.सी. कैडेट्स को बढ़–चढ़ कर अपना योगदान देना होगा। समारोह ने एन.सी.सी. के महानिदेशक लेफ्टिनेन्ट जनरल राजीव चौपड़ा, उप महानिदेशक एयर कमोडोर आर.एम. सामी और राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. कोठारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल